मध्य प्रदेश में कुएं खोदने के लिए धनराशि का आबंटन

3092. **श्री अजीत जोगी :**
श्री आनन्द प्रकाश गौतम :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जवाहर रोजगार योजना के अधीन मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों को आबंटित कुल धनराशि के 20 प्रतिशत भाग का उपयोग कुएं खुदवाने के लिए किया जा रहा है और अधिकतर धनराशि का अपव्यय हो रहा है ;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यारा क्या है ;

(ग) क्या उक्त कार्यक्रम के अधीन किए गये कार्य का पता लगाने के लिए कोई रिकार्ड रखा गया है ;

(घ) यदि हां, तो गत दो वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश में कितने कुएं खोदे गये और जवाहर रोजगार योजना के अधीन मध्य प्रदेश राज्य को आबंटित कुल धनराशि में से कितने प्रतिशत राशि, जिलावार कुओं की खुदाई पर खर्च की जा रही है ; और

(ङ) क्या उक्त अपव्यय को रोकने के लिए नए सिरे से कोई प्रयास किये जा रहे हैं ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री रामेश्वर ठाकुर) : (क) और (ख) जवाहर रोजगार योजना के अंतर्गत 20 प्रतिशत निधियां सभी राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों, जिनमें मध्य प्रदेश भी शामिल है, में दस लाख कुओं की योजना के लिए निर्धारित की गई हैं, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के गरीब, छोटे तथा सीमांत किसानों और मुक्त बंधुआ मजदूरों को खुले सिंचाई कुएं निःशुल्क मुहैया कराए जाते हैं । जहां भौगोलिक कारणों से कुएं खोद पाना संभव नहीं है, दस लाख कुओं की योजना के अंतर्गत आबंटित राशि को सिंचाई तालाबों, जल एकत्रीकरण ढांचों जैसी लघु सिंचाई योजनाओं और साथ ही अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और मुक्त बंधुआ मजदूरों की भूमि के विकास के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है । भारत सरकार को ऐसी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है कि दस लाख कुओं की योजना के लिए निर्धारित निधियों का अपव्यय हो रहा है ।

(ग) जी, हां ।

(घ) 1990–91 और 1991–92 के दौरान मध्य प्रदेश में दस लाख कुओं की योजना के अंतर्गत निधियों के जिला वार आबंटन और खोदे गए कुओं की संख्या के ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं ।

(ङ) यह सुनिश्चित करने के लिए कि जवाहर रोजगार योजना की निधियों, जिनमें दस लाख कुओं की योजना के लिए निर्धारित निधियां शामिल हैं, को सही रूप में खर्च किया जाए, कार्यक्रम की राज्य सरकारों से प्राप्त मासिक, तिमाही और वार्षिक प्रगति रिपोर्टों की मार्फत निरंतर निगरानी की जाती है । राज्य सरकारों को कार्यक्रम के सांख्यात्मक और गुणात्मक पहलुओं की समीक्षा करने के लिए राज्य/जिला/खंड स्तर पर प्रत्येक पर्यवेक्षण स्तर के अधिकारी के लिए एक निरीक्षण अनुसूची तैयार करनी होती है । भारत सरकार कार्यक्रम के कार्यान्वयन की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से समय-समय पर राज्य सरकारों के साथ कार्यक्रम की समीक्षा करने के लिए बैठकें आयोजित करती हैं । कार्यक्रम के निर्दिष्ट उद्देश्यों के संबंध में कार्यक्रम के प्रभाव का जायजा लेने के लिए सभी राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में जवाहर रोजगार योजना का स्वतंत्र संस्थाओं/संगठनों की मार्फत समवर्ती मूल्यांकन भी कराया गया है । भारत सरकार के अधिकारी फील्ड दौरे और निरीक्षण करने के साथ-साथ फील्ड स्तर पर कार्यक्रम के कार्यान्वयन की नमूना जांच भी करते हैं ।

विवरण

1990–91 तथा 1991–92 की अवधि के दौरान मध्यप्रदेश में दस लाख कुओं की योजना के अंतर्गत निर्मित खात कुओं के लिये निधियों का आबंटन और कुओं की संख्या

क्रमांक	जिला	1990–91		1991–92	
		आबंटित निधियां (लाख रुपये में)	निर्मित कुएं (संख्या)	आबंटित निधियां (लाख रुपये में)	निर्मित कुएं (संख्या)
1	2	3	4	5	6
1.	बस्तर	401.92	25	400.00	3198
2.	बेतुल	38.60	182	49.50	509
3.	भोपाल	30.00	9	44.00	11
4.	रायेसन	70.00	3	220.00	496
5.	राजगढ़	30.00	—	61.71	293
6.	सिहोर	36.00	35	110.00	406
7.	विदिशा	37.00	6	66.00	184
8.	विलासपुर	402.00	60	400.00	3007
9.	रायगढ़	377.00	549	165.00	1698
10.	सरगुजा	770.00	6	330.00	1718
11.	भिंड	22.00	14	67.50	129
12.	मुरैना	40.00	—	44.00	277
13.	दतिया	24.00	7	41.80	221
14.	गुना	80.00	—	22.00	239
15.	ग्वालियर	46.00	2	122.00	116
16.	शिवपुरी	100.00	7	110.00	474
17.	होशंगाबाद	30.00	118	221.24	1360
18.	धार	20.00	—	26.40	139
19.	इंदौर	45.00	10	66.00	431
20.	झबुआ	45.00	2	8.80	78
21.	खंडवा	40.00	—	44.00	285
22.	खरगोन	40.00	50	88.00	481
23.	बालाघार	20.00	1	20.00	368

1	2	3	4	5	6
24.	जबलपुर . .	200.00	193	200.00	966
25.	छिंदवाडा . .	40.00	21	40.00	226
26.	मांडला . .	200.00	41	77.00	686
27.	नरसिंहपुर . .	20.00	—	35.00	272
28.	सिग्रौनी . .	118.20	6	123.20	347
29.	दुर्ग . . .	191.80	61	114.40	1020
30.	रायपुर . . .	300.00	26	357.50	2247
31.	राजनंदगांव . .	137.00	77	286.00	2070
32.	रीवा . . .	50.00	47	105.60	78
33.	सतना . . .	80.00	77	495.00	1051
34.	शहडौल . .	183.20	—	154.00	1023
35.	सिद्धी . . .	40.00	—	15.40	68
36.	छत्तरपुर . .	30.00	5	77.00	782
37.	दमोह . . .	90.00	4	115.50	755
38.	पन्ना . . .	70.00	—	49.50	289
39.	सागर . . .	70.00	5	115.50	387
40.	टीकमगढ़ . .	20.00	—	14.30	220
41.	देवास . . .	20.00	9	61.05	139
42.	मंदसौर . .	50.00	—	3.85	24
43.	रतलाम . .	30.00	41	30.85	138
44.	शाहजापुर . .	30.00	27	76.00	250
45.	उज्जैन . .	565.00	17	110.00	972
	योग	5280.50	1743	5280.50	30729